एक गाय नित आय कर देती दूध पिलाय Bhajans Bhakti Songs

एक गाय नित आय कर
देती दूध पिलाय
मगन होय पावस कर भारी
लुल लुल पूँछ हिलाय

साँझ ढले घर आय कर
नाही देती दूध
पाली जब निकालन बैठे
उछल के जावे कूद

बोलो जी बोलो श्यामधनि
की जय खाटूवाले प्रभु
की जय... बोलो जी बोलो
श्यामधनि की जय

खाटूवाले प्रभु की जय...
हो... अखंड ज्योत है
अपार माया श्याम देव
की परबल छाया

श्याम..श्री श्याम..श्री
श्याम...जय जय श्याम
श्याम..श्री श्याम..श्री
श्याम...जय जय श्याम

पाली ने मन बात विचारी
गाय थी अच्छी और दुधारी
दूध क्यूँ नहीं हमको पिलावे
पास जाओ तो मारन आवे

इक दिन पीछा पाली कीन्हा
गाय ने दूध क्यूँ नहीं दीन्हा
गाय देव के पास गयी है
मगन होय कर खड़ी हुई है

दूध की धार थनो से बहती
पीती है क्या यहाँ की धरती
दूध नहीं धरती पर देखा
हे ईश्वर यह क्या है लेखा

जाट कुलारे जाट कहावे
नगरी में जा भेद बतावे
नर नारी चल बाँध कतारे
क्या लीला है सभी पुकारे

गाय दूध जहाँ देवती
भीड़ लगी अपार
धरती बीच में है कोई
माया कहते सब नर नार

धरती को खोदन लगे
ध्वनि हुई बलवान
मेरा शीश है देव अवतारी
कृष्णा का ये वरदान

बोलो जी बोलो श्यामधनि
की जय खाटूवाले प्रभु
की जय... बोलो जी बोलो
श्यामधनि की जय
खाटूवाले प्रभु की जय...

Source: https://www.bharattemples.com/ek-gaay-nit-aay-kar-detee-doodh-pilaay/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw